1	2	3
29	मैसर्स बंगाल लक्ष्मी कौटन मिल्स . . .	20.89
30	मैसर्स बर्ड एण्ड कं०	14.31
31	मैसर्स कंटून कारपेंट्री वर्क्स	11.06
32	मैसर्स लक्ष्मी नारायन कौटन मिल्स एण्ड एच० ग्रोफिस .	10.77
33	मैसर्स नेशनल ग्रायरन एण्ड स्टील कं० . .	29.02
34	मैसर्स रामपूरिया कौटन मिल्स . . .	19.60
35	मैसर्स श्री महालक्ष्मी कौटन मिल्स . .	11.12
36	मैसर्स शालिमार वर्क्स लि० . . .	22.97
	योग	188.26

बिहार के नालन्दा जिले में बीड़ी मजदूरों की मजूरी का न दिया जाना

5290. **श्री वीरेंद्र प्रसाद** : क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समूचे देश में तथा बिहार में ग्रौर नालन्दा जिले में ग्रलग ग्रलग कितने मजदूर बीड़ी बनाने का कार्य करते हैं ;

(ख) क्या नालन्दा जिले में फैक्टरियों के मालिक बीड़ी मजदूरों को बहुत कम घण्टों का काम ही देते हैं ग्रौर उनकी मजदूरी का भुगतान भी समय पर नहीं करते जिससे मजदूरों की भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है ; ग्रौर

(ग) इस बारे में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा): (क) से (ग). देश में बीड़ी उद्योग में नियोजित या काम कर रहे व्यक्तियों की कुल संख्या के सम्बन्ध में कोई विश्वस्त ग्रांकड़े उपलब्ध नहीं हैं। तथापि यह ग्रनुमान है कि समूचे देश में ऐसे व्यक्तियों की संख्या लगभग 30 लाख है। प्रश्न के ग्रन्य भागों के बारे में सूचना बिहार सरकार से प्राप्त की जा रही हैं ग्रौर सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र का विस्तार

5291. **श्री भागीरथ भंवर :**
श्री राघव जी :

क्या **इस्पात ग्रौर खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तार को पूरा करने के लिए क्या ग्रवधि प्रारंभ में नियत की गई थी ग्रौर उसकी पुनरीक्षित समयावली क्या है, ग्रौर

(ख) क्या परियोजना के पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है ग्रौर यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

इस्पात ग्रौर खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक) : (क) ग्रौर (ख). ग्रारम्भिक कार्यक्रम के ग्रनुसार भिलाई के 40 लाख टन चरण का विस्तार कार्य दिसम्बर, 1976 में पूर्ण होना था। मई, 1974 में